सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 349 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, बुधवार, 19 जून, 2024







# गुरूजी के सपने का झारखंड बनाने के लिये सबका साथ जरूरी : कल्पना

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गढ़वा: झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि उनके पति हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार ने झूठा इल्जाम लगा कर जेल में डाल रखा है, वहीं लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने भाजपा को इसका जवाब दे दिया है। हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं से केंद्र की सरकार तिलमिला गई है। इसे रोकने के लिये हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। इन योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम चंपई चाचा बेखूबी कर रहे हैं। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने वाली पार्टियों को इस बार जनता सबक सिखा देगी। विधायक कल्पना सोरेन मंगलवार को पलामू के हुसैनाबाद में एक जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ाने, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने का झारखंड बनाने, जल जंगल जमीन की रक्षा के लिये उनका साथ जरूरी है। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि हुसैनाबाद के जनप्रतिनिधि कब कहां जायेंगे ठिकाना नहीं है, आने वाले विधानसभा चुनाव में पलामू की सभी सीटों पर झामुमो और उनकी सहयोगी पार्टियों के नेता विधानसभा पहुंचेंगे। इस अवसर पर युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह के नेतृत्व में विभिन्न दलों के 750 लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया। इससे पहले विधायक कल्पना सोरेन गढ़वा पहुंची। यहां एक सवाल के जवाब में कल्पना ने कहा कि राजनीति में सबकी अपनी अपनी नीति और रणनीति होती है। गढ़वा में कल्पना सोरेन का जोरदार स्वागत किया गया।



## 'अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है', वाराणसी में पीएम मोदी नेकह दी बड़ी बात'



पोलिट लाइव रिपोर्टर

वाराणसी : लोकसभा चुनाव के परिणाम और प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने वाराणसी में किसानों से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होकर किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की।किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। पीएम मोदी ने इस अवसर पर एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया और कई बड़ी बाते कही हैं।







# ब्लास्टिंग के कारण लोगो को क्षति के मामले में उपायुक्त ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों के साथ कि बैठक

## ब्लास्टिंग के सभी सुरक्षा मानकों, नियमों एवं शर्तो का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करे बीसीसीएल- उपायुक्त

**ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसका ध्यान रखें**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : बीसीसीएल की कुजामा कोलियरी की आउटसोर्सिंग में रविवार को ब्लास्टिंग के बाद पत्थर गिरने से मोहरीबांध के लोगो को क्षति पहुँचने की शिकायत के मामले पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बीसीसीएल के पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी एवं डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक की।

बैठक में उपायुक्त ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को यह निर्देशित किया कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसका ध्यान रखें। साथ ही ब्लास्टिंग के जो भी नियम एवं शर्तें डीजीएमएस द्वारा तय की गई है उसका अनुपालन अवश्य सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि लगातार ब्लास्टिंग के कारण घरों में दरार पड़ने एवं लोगों के घायल होने की शिकायतें प्राप्त होते रहती हैं। इस तरह की घटनाओं से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसी घटना दोबारा ना हो इसके लिए यह सुनिश्चित करें कि समय-समय पर ब्लास्टिंग कार्यो का बीसीसीएल के वरीय पदाधिकारी भी निरीक्षण करें।

उन्होंने कहा कि ब्लास्टिंग के जो भी तय सुरक्षा मानक है उनका प्रयोग सुनिश्चित करना बीसीसीएल की जिम्मेदारी है। ब्लास्टिंग की लगातार मॉनिटरिंग करें साथ ही वाइब्रेशन लेवल की भी जांच कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की क्षति आम लोगों को न पहुंचे।

बैठक में बीसीसीएल के निदेशक तकनीकी संजय कुमार सिंह, निदेशक कार्मिक एमके रमैया, जीएम सुरक्षा अरुण कुमार, खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, डीएसपी लॉ एंड आर्डर दीपक कुमार मौजूद रहें।

## निर्जला एकादशी पर वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने गरीबों को भोजन कराया





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: जिला वालीबाल संघ एवं आर्ट ऑफ गिविंग( देने की कला) के तत्वाधान में निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर महासचिव सहित महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक, रेलवे स्टेशन, मजार, पुराना बाजार, में बैठे गरीब असहाय विकलांग तथा गरीब रिक्शा एवं ठेले वालों को पूरी सब्जी का भोजन कराया गया साथ ही साथ सभी को पानी भी पिलाया गया जिससे इस प्रचंड गर्मी में पानी पिलाकर उनकी प्यास को बुझाया गया भोजन करने में मुख्य रूप से महासचिव सूरज प्रकाश लाल जीतन कुमार खिलाड़ियों में रितिका कुमारी रागिनी कुमारी निधि कुमारी पूजा कुमारी कुमारी गुनगुन रोहित मित्तल हर्ष भारद्वाज आशीष दास रोहित मिश्रा नीरज कुमार नीतीश कुमार सुमन कुमार शिवम कुमार ने गरीबों को भोजन करने में अहम भूमिका निभाई.

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह मिडिया प्रभारी रंजीत महतो ने टुंडी नेटवारी गांव में नया ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: धनबाद जिले अंतर्गत टुंडी विधानसभा क्षेत्र के सबसे सुदूरवर्ती कदैंया पंचायत के नेटवारी गांव में आज़ झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटा टाइगर छोटू रजक केंद्रीय सचिव युवा मोर्चा पप्पु पहाड़ी महतो धनबाद जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रेम रजक बरवाअड्डा ज़ोन प्रवक्ता नीरज कुमार शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से फ़ीता काटकर नारीयल फोड़कर विधि विधान से गांव में नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उदघाटन किया गया। कदैंया पंचायत के नेटवारी गांव में नया ट्रांसफार्मर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर आ जाने से ग्रामीणों में ख़ूशी के लहर आई है इस भीषण गर्मी में



ग्रामीणों को बिजली की आपूर्ति हो जाने से सभी को राहत मिला। जानकारी के लिए बता दूं कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र कदैंया पंचायत के नेटवारी गांव में ट्रांसफार्मर ख़राब हो जाने के कारण लगभग चार दिनों से ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में विकट समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, अंधेरे में जीवन जीने के लिए मजबुर थे नेटवारी गांव के ग्रामीण सह जेबीकेएसएस टुंडी प्रखंड अध्यक्ष युवा मोर्चा के भागीरथ महतो के द्वारा झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटा टाइगर छोटू रजक जी को ट्रांसफार्मर खराब हो जाने का सूचना दिया गया छोटा टाइगर छोटू रजक के द्वारा धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो को गांव में बिजली की समस्या और गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का आग्रह करते हि धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के द्वारा त्वरित संज्ञान में लेकर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के सहायक विद्युत अभियंता टुंडी,मुख्य कार्यपालक अभियंता धनबाद जिला महाप्रबंधक और राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को 24 घंटे के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगवाने अल्टीमेटम दिया गया था और आज़ त्वरित गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया ग्रामीणों के द्वारा झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो छोटा टाईगर छोटू रजक प्रेम रजक जो टीआरडब्लू धनबाद कार्यालय से गाड़ी के द्वारा गांव में ट्रांसफार्मर लाने में अहम् भूमिका निभाई और झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति धनबाद जिला बरवाअड्डा ज़ोन के पुरी टीम को हृदय से धन्यवाद आभार प्रकट किया गया अंत में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष के धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के द्वारा पुरी जेबीकेएसएस धनबाद बरवाअड्डा ज़ोन टीम और झारखंडी बिजली वितरण निगम लिमिटेड के सभी पदाधिकारियों को हृदय से आभार धन्यवाद प्रकट किया गया मौके पर उपस्थित मरिचो पंचायत लोकसभा प्रभारी हिरालाल महतो,साधोबाद निवासी शिक्षक सह समाजसेवी प्रकाशचंद्र महतो जेबीकेएसएस कदैंया पंचायत अध्यक्ष सहदेव महतो प्रेमचंद्र महतो, अनिल महतो चिंतामनी साव दयाल महतो हिरालाल महतो तिलक महतो सुभाष महतो.

# धनबाद में रोंग साइड में जा रही एसयूवी को हाइवा ने मारी टक्कर, चूड़ी व्यवसाय सहित चार की मौत

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर लोहार बरवा के समीप मंगलवार की देर रात एक तेज रफ्तार हाइवा ने एसयूवी को जोरदार टक्कर मार दी. जिससे हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए. जिससे कार में सवार एक चूड़ी व्यवसाय सहित चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घायल युवक का इलाज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है.

शहर की शक्ति मंदिर जोड़ा फाटक के पास रहने वाले राहुल कुमार गुप्ता कार को चला रहे थे. दुर्घटना में राहुल और उनके तीन स्टाफ की मौत हो गई. एक स्टाफ गंभीर रूप से घायल हुआ है. मृतकों में गांधीनगर का अंकित कुमार व बेलगड़िया के संकेत कुमार भी शामिल था. घटना के संबंध में बताया जा रहा है की एसयूवी गलत दिशा में कोलकाता लेन में राजगंज की तरफ जा रही थी.

इसी दौरान तेज रफ्तार हाईवा ने कार को धक्का मार दिया. घटना में कार के परखच्चे उड़ गए. युवक कार में फंस गए युवकों को आधा शरीर कार से बाहर आ गया था. सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से कर में फंसे लोगों को बाहर निकाला. सभी को शहीद निर्मल महतो मेडिकल अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया वही एक युवक का इलाज चल रहा है.

## उपायुक्त की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : उपायुक्त धनबाद सह जिला समुचित प्राधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अल्ट्रासाउंड केंद्रों के नए रजिस्ट्रेशन हेतु प्राप्त आवेदनों, रिन्यूवल हेतु प्राप्त आवेदनों के अलावा अपग्रेड हेतु प्राप्त आवेदनों समेत गैर पंजीकृत केंद्रों पर रोक लगाने, एनजीओ द्वारा प्रचार-प्रसार, सरकारी संस्थानों में अल्ट्रासाउंड केंद्र स्थापित करने पर समीक्षा की गई। उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि समय-समय पर सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण करें। जांच के दौरान यह अवश्य देखे की सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में फायर सेफ्टी सुनिश्चित हो। सभी भवनों का नगर निगम से नक्शा पास हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर उचित करवाई भी करें। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर एसओपी का पालन सुनिश्चित करने पर ही उन्हें रजिस्ट्रेशन एवं रिन्यूवल के लिए आगे बढ़ाए। उपायुक्त ने कहा कि जिस यूजीसी सेन्टर / अस्पताल रजिस्ट्रेशन एवम रिन्यूअल के लिए अप्लाई करेंगे उनका क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट में रेजिस्ट्रेशन एवं फायर सेफ्टी का एनओसी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी सेन्टर पे रेडियोलाजिस्ट/ सोनोलॉजिस्ट अपने अपने सेंटर पर अपना समय और किस दिन सेवा दे रहे उसे लिख कर प्रदर्शित करेंगे।

## धनबाद मंडल द्वारा मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है | इसी क्रम में आज दिनांक 18.06.24 को धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, चन्द्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की जा रही हैं | यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया जा रहा है । इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 18.00 बजे तक कुल 727 यात्रियों को पकड़ा गया एवं यह जांच अभियान अभी भी जारी हैं| इस जांच अभियान में बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों से 04 लाख 03 हज़ार 935 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व उन्हें कड़ी हिदायत दी गई | चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/ एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया | धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी ।

## मौसम ने लिया अंगराई, प्री मौनसून की आई धमक







पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : कोयलांचल धनबाद क़े आस पास तेज गर्मी ने जो आफत खड़ा कर रखी है जिससे लोग परेशान, बदहाल, हो गए है, लेकिन इस 45 डिग्री क़े तपिश को कम करने क़े लिए प्री मौनसून की धमक से थोड़ी राहत लोगों को मिली है, अब थोड़े धुप थोड़े छाएंगे बादल, होगी बारिश या दिन का न्यूनतम और अधिकतम तापमान में आएगा अंतर बारिश से लोगो को मिली राहत...



# श्रेया के हत्यारों को फांसी दिलाने की मांग और हत्या के विरोध में राजपूत करणी सेना ने धनबाद में निकाला कैंडल मार्च

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : खैरा नबीनगर, औरंगाबाद, बिहार निवासी नाबालिग छात्रा श्रेया के हत्यारों को फांसी दिलाने की मांग, मृत आत्मा को श्रद्धांजलि और पीड़िता परिवार को न्याय दिलाने को लेकर राजपूत करणी सेना धनबाद के सदस्यों द्वारा सिटी सेंटर से पैदल कैंडल मार्च करते हुए
रणधीर वर्मा चौक पर पहुंच कर श्रेया के चित्र पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बिहार सरकार और प्रशासन के उदासीन रवैये के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन किया गया। राजपूत करणी सेना धनबाद के युवाओं ने बिहार सरकार से फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से श्रेया के हत्यारा को जल्द से जल्द फांसी की सजा देने की मांग की। सारे सदस्यों ने एक साथ कहा कि अगर श्रेया और पीड़ित परिवार के साथ जल्द न्याय नहीं हुआ तो देश के सारे करणी सैनिक सड़क पर उतरकर बिहार सरकार के खिलाफ कड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।
कैंडल मार्च में मौजूद राजपूत करणी सेना झारखण्ड महामंत्री संजीव सिंह ने कहा कि इस प्रकार की जघन्य हत्या के दोषी को बख्शा गया, तो आपराधिक घटनाओं में इजाफा होगा। सनकी आरोपित को केवल और केवल फांसी की सजा मिलनी चाहिए। तभी समाज में बेटियां सुरक्षित रह सकेगी।
उन्होंने कहा कि श्रेया की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। सभी वर्ग के लोग मुखर होकर इस हत्याकांड का विरोध कर रहे हैं। मौके पर मौजूद झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह गुड्डू के अलावा सबसे सक्रिय सदस्य और जिला अध्यक्ष नीरज सिंह भदौरिया, जिला प्रभारी नीरज सिंह सिकरवार, संगठन महामंत्री चन्दन सिंह उज्जैन, जिला उपाध्यक्ष राणा मनीष सिंह, प्रमोद सिंह, अमित सिंह, नगर अध्यक्ष हर्ष सिंह, मुकेश सिंह, डॉ नीलेश सिंह, उदय प्रताप सिंह, लल्लू सिंह, पवन सिंह, दिलीप सिंह, राजेश सिंह, जिला सचिव विकाश सिंह, बिट्टू सिंह, अखिलेश सिंह, डीएन सिंह, उमेश सिंह, राज सिंह, कुँवर प्रताप सिंह, राजीव सिंह, मनोरंजन सिंह, शैलेंदर सिंह, मोहित सिंह, अनूप सिंह, बिशु सिंह, देवेंदर सिंह, विशाल सिंह, रवि सिंह, राज रंजन सिंह, रविश राज सिंह, आयुष सिंह, योगेश सिंह, राम प्रवेश सिंह, सत्येंद्र नारायण सिंह, विराट सिंह, पियूष सिंह समेत अन्य सैकड़ों की संख्या में करणी सैनिकों ने बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर फाँसी की सजा दी जाने की मांग कर अपना विरोध जताया।

## घनुडीह मोहरीबांध में हैवी बलास्टिंग से आधे दर्जन लोंगों के घरों पर पत्थर गिरने से कई लोग घायल

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: घनुडीह ओ पी अंतर्गत मोहरीबांध स्थित हैवी बलास्टिंग से आस पास के आधे दर्जन लोंगों के घरों पर बलास्टिंग के पत्थर गिरने से कई लोग घायल हुए थें। स्थानीय प्रदर्शनकारियों पर आउटसोर्सिंग के संचालक लाल बाबू सिंह व कुंभकार सिंह के इसारे पर लाठीचार्ज की गई। इससे प्रदर्शन कारी उग्र हो गए। उग्र होतें देख संचालक के गुर्गे द्वारा छः राउंड गोली चलाई गई, जिसमें जागों भुइयां को गोली लगी हैं जिसे लोगों ने घायल अवस्था में धनबाद पि एम सि एच में भरती कराई गई हैं। इस संबंध में तिसरा थाना में मारपीट और छः राउण्ड गोली चली थीं । इस संबंध में एफ आई आर दर्ज कराई गई थीं। कांड संख्या 46/24,17,624 धारा 341, 323, 325, 307/504 /506/34 भादवी,27 आर्म्स एक्ट, 3(1)(r)(s)एससी/एस टी/के तहत एटी देव प्रभा के निर्देश कुंभनाथ सिंह, बोर्डिंगारड एवं अन्य 17 पर मामला दर्ज की गई हैं। अंतर्गत मामलें दर्ज कराई गई थीं। झरिया,घनुडीह तिसरा पुलिस द्वारा धर पकड़ के लिए रात्री में छापामारी की गई। झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह अपने समरथकों के साथ धरने पर बैठ गई थीं। पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा एफ आई आर दर्ज में नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की गई थीं। कुजामा व मोहरीबांध के सैकडो लोग विस्थापन का दंश आज भी झेल रहें हैं।

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए बरटांड बस स्टैंड में खोला सहायता केन्द्र

**पांच रूट का निर्धारण**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रचार प्रसार के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी द्वारा आज बरटांड बस स्टैंड में सहायता केंद्र खोला गया। जबकि 19 जून को रांगाटांड के पास सहायता केंद्र खोला जाएगा। साथ ही योजना के प्रचार हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत रूट का निर्धारण कर लिया है।
जिसमें बीआईटी सिंदरी से पंचेत वाया बलियापुर, गोविंदपुर, निरसा, मुगमा मोड़, चिरकुंडा, धनबाद से सिमुलदोने वाया बाईपास गोल बिल्डिंग, गोविंदपुर, निरसा, मुगमा मोड़, चिरकुंडा, कोल्हर मोड़ से चिरकुंडा वाया मनियाडीह थाना, तिलैया रंगाटांड, राजगंज, बड़वड्डा, धनबाद स्टेशन, बाटा मोड़ झरिया, बलियापुर, कलियासोल, पतलाबाड़ी मोड़, झरिया 4 नंबर से चंद्रपुरा (बोकारो) वाया धनबाद, मेमको मोड़, काको मठ मोड़, राहुल चौक, बाघमारा, टी मोड़ तथा सर्रा से धनबाद वाया मछियारा, मनियाडीह, तिलैया रंगाटाड रूट पर बस का परिचालन किया जाएगा।
उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों से अनुमंडल व जिला मुख्यालय तक आवागमन को सुलभ और सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने इस योजना को शुरू किया है। इसमें वरिष्ठ नागरिक, छात्र-छात्रा, विधवा, पेंशन पा रही महिला, मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारी, दिव्यांग बस से निशुल्क यात्रा कर पाएंगे
मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार तथा परिवहन विभाग के कर्मी मौजूद रहे।






# कतरासगढ़ स्टेशन परिसर में लगे हरा भरा विशाल कई पेड़ को काट दिया गया- विजय झा

- धीमी गति से चल रहा कार्य, पेड़ कटने से गर्मी से है परेशान,जल्द मिलेंगे डीआरएम से
- वन विभाग के अधिकारियों से मिलेंगे: उमेश ऋषि

पोलिट लाइव रिपोर्टर




कतरास : करोड़ों रुपये की लागत से कतरासगढ़ स्टेशन का सौदर्यीकरण किया जा रहा है. इसको लेकर कतरासगढ़ परिसर में कार्य जारी है. इस दौरान स्टेशन परिसर की कई पेड़ो (वृक्ष) को काट कर दिया गया है. जनता के शिकायत पर मामले को लेकर रेल आंदोलनकारी टीम कतरासगढ़ स्टेशन पहुंचे. चल रहे कार्य का जायजा लिया. रेल आंदोलनकारी सह पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोग पेड़ की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं. कतरासगढ़ स्टेशन में रेल ठीका कंपनी द्वारा स्टेशन परिसर में लगे दर्जन भर से अधिक पेड़ों को काटकर गिरा दिया. जिससे आने-जाने वाले यात्रियों को इस भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसमें सबसे कष्ट दायक पहलु यह है कि स्टेशन गेट के ठीक सामने व बगल में बरगद-पीपल का विशाल पेड़ था. जिसे काटकर गिरा दिया गया. जबकि इस दिशा में अभी काम भी शुरू नही हुआ हैं. लेकिन पेड़ काट दिया गया. श्री झा ने कहा कि यह पेड़ किसके आदेश पर काटा गया, क्या वन विभाग से अनुमति लेडर पेड़ काटा गया ? अगर अनुमति नही लिया गया तो ठीकेदार पर मुकदमा होना चाहिए. पेड़ काटना मानव हत्या के बराबर है. श्री झा ने कहा कि पेड़ को बचा कर भी कार्य किया जा सकता था. या फिर अनुमति मिलने पर गर्मी पार होने क बाद भी पेड़ को काट कर काम किया जा सकता था. उन्होंने रेल विभाग से मांग किया है कि कतरासगढ़ स्टेशन पर चल रहे कार्यों का रेलवे निगरानी करें. अन्यथा यहां कार्य में कोताही, लापरवाही देखा जा रहा है. कतरासगढ़ स्टेशन पर बन रहे नाला पर पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है. जिससे यह नाला समय से पहले खराब हो जायेगा. श्री झा ने कहा कि विभिन्न रेल मुद्दो को लेकर जल्द धनबाद डीआरएम से मिलेंगे. उमेश ऋषि ने कहा कि पेड़ कटाई से संबंधित मामले को लेकर वन विभाग के अधिकारियों से मिलेंगे. मौके पर राजेंद्र प्रसाद राजा उमेश ऋषि, गौतम मंडल, नरेश दास परवेज इकबाल आदि शामिल थे.

## एसबीएसएसपीएस इंटर कॉलेज पथरगामा में 11 'के एडमिशन शीट बढ़ाने को लेकर प्राचार्य से लगाई गुहार



पोलिट लाइव रिपोर्टर

पथरगामा : अखिल भारतीय नगर मंत्री अंकित मिश्रा सहित छात्र छात्राओं ने इंटर कॉलेज के प्राचार्य महोदय से कॉलेज में अड्मिशन सीट बढ़ाने को लेकर अपनी घुहार लगाई नगर मंत्री ने बताया कि 11 का इतने कम सीट दिये जाने से कई छात्र छात्राएं नामांकन प्रक्रिया से वंचित रह गए हैं. उन्होंने कहा कि इसे छात्र छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है. छात्र छात्राओं ने 11 के एडमिशन सीट को बढ़ाने की मांग इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल सर से किया गया है.

## गिरिडीह से रानीगंज जा रही कार ने मारा जोरदार टक्कर,एक की मौत दूसरा दुर्गापूर रेफर




पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोबिंदपुर : एक बार फिर से भीषण सड़क हादसा हुआ है अहले सुबह गोविंदपुर टुंडी रोड में जगदम्बा हार्डकोक के निकट गिरिडीह से रानीगंज जा रही लग्जरी कार ने एक खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया घटनास्थल में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हुआ है जिन्हें इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच लाया गया जहां से उसे दुर्गापुर रेफर कर दिया गया है कार में कुल 5 लोग सवार थें जिन्हें आंशिक चोट आई है उन्हें इलाज करके घर भेज दिया गया है घायल के परिजनों ने बताया कि आलम मल्लिक अपने परिवार के साथ रानीगंज जा रहे थे इसी क्रम में दुर्घटना के शिकार हुए हैं घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उनके घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें दुर्गापुर रेफर कर दिया गया है!



# जिला प्रशासन द्वारा धारा 144 के तहत निषेघाज्ञा लगाए जाने के वाबजूद भी ढुलू समर्थक व जलेश्वर महतो समर्थको ने पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में जमकर उड़ाई धारा 144 की धज्जियां लगाये नारे

**अनिश्चितकालीन चक्का जाम आन्दोलन महाप्रबंधक कार्यालय में वार्ता में आश्वाशन के बाद आन्दोलन स्थगित,**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



लोयाबाद: सेंदरा बाँसजोड़ा परियोजना में संचालित साकारमास जॉइन्ट भेक्चर डेको प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी में मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा धारा 144 के तहत निषेघाज्ञा लगाए जाने के वाबजूद भी ढुलू समर्थक सह बंद समर्थक व जलेश्वर महतो समर्थक सह कंपनी समर्थको ने पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में जमकर उड़ाई धारा 144 की धज्जियां लगाये नारे। ढुलू महतो समर्थक सह बंद समर्थक आंदोलनकारियों का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आन्दोलन सिजुआ एरिया पांच के महाप्रबंधक कार्यालय में वार्ता में आश्वाशन के बाद आन्दोलन स्थगित। बताया जाता है कि ढुलू समर्थक सह बंद समर्थक बाँसजोड़ा परियोजना में संचालित साकार मास जॉइन्ट भेक्चर डेको कंपनी में नियोजन की मांग को लेकर के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बंदी की घोषणा की गई थी। वही सोमवार को देर रात में जिला प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था भांग ना हो शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए निषेघाज्ञा लागू किया गया था जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर बॉसजोड़ा परियोजना के कार्य स्थल की ओर जाने वाले मार्ग पर बेरीकेट लगा दिया था ताकि परियोजना के अंदर कोई भी अनाआवश्यक लोग प्रवेश ना करे। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा ड्रोन कैमरा चला कर परियोजना का निगरानी की जा रही थी। साथ ही पुलिस ने बस्ती के आस पास खड़े ग्रमीणों को 144 लागू है अपने अपने घर जाये यह खड़ा ना रहने की भी हिदायत दी गई थी।लेकिन फिर भी सैकड़ो की संख्या में बंद समर्थक महिला, पुरुष, परियोजना की ओर जाने लगे।जिसे पुलिस बल ने कंपनी के भीव्यु पॉइंट में रोकने की भरपूर प्रयास किया पर उन्हें रोक नही सके।हलांकि पुलिस ने माइक से अलाउंस करते हुए कहा कि 500 मीटर की परिधि में 144 के तहत निषेघाज्ञा लगा हुआ है आप लोग कंपनी के कार्य स्थल पर नही जायें।इस दौरान पुलिस द्वारा तीन बार बंद समर्थक आन्दोलनकारी महिला पुरूष को रोका गया ।फिर भी महिलाओं के आगे पुलिस की एक ना चली और महिला अपने हाथ में झाड़ू लिये कंपनी के कार्य स्थल पर पहुँचकर काम को रोक कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में बैठ कर अपने मांग के पक्ष में अड़ गए ।

# सिंदरी मे बढ़ती चोरी की घटना अब डकैती की सकल ले चुकी है

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : सिंदरी में लगातार हों रही चोरियो एवं जेवीएनएल के सबस्टेशन मे 15 जून की रात मे लाखो की केबल को जेवीएनएल के कर्मचारियों को बंधक बना के की गई डकैती को लेकर डायबेक्स चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रमाकांत प्रसाद ने लिखित आवेदन सिंदरी थाना मे दिया, जिसमे उन्होंने सिंदरी थाना से इस तरह के डकैती की निंदा की और कहा सिंदरी मे कभी भी ऐसी घटना नहीं हुई है जहा jvnl के कर्मचारियों को बंधक बना के जो सामग्री आम जनता के बेहतरी के लिए उपयोग होने वाली थी उसको चोरी कर लिया गया, आज ये गैंग jvnl मे वारदात को अंजाम दिया है कल होके ये सिंदरी के क्वाटर को भी निशाना बनाएंगे। कुछ वर्षो से चोरी की घटना काफी बढ़ी है इसपर सख़्ती से अंकुश लगाना पड़ेगा, आवेदन की कॉपी उपायुक्त महोदया को भी भेजा गया है, थाना प्रभारी से आग्रह किया गया है की वी सिंदरी मे ऐसी घटनाओ पर कैसे भी अंकुश लगाए और जिस प्रकार का सहयोग उनको चाहिए हमारी संस्था उसके लिए तैयार है। सिंदरी मे अतरिक्त पुलिस बल की नियुक्ति के लिए भी आग्रह किया गया है । डायबेक्स के सचिव अजय सिंह ने कहा की जब भी सिंदरी मे चोरी जैसी घटना होती है सिंदरी के जनप्रतिनिधि "मौनी बाबा " बन जाते है जिसके कारण अब डकैती भी शुरू हो गई, विधायक विहीन सिंदरी 4 वर्षो मे अपना ऐतिहासिक विरासत के आख़री पायदान पर पहुंच चूका है,ऐसा प्रतीत होता है जैसी सिंदरी मे इंसान रहते ही नहीं है कोई भी ऐसी समस्या नहीं है जो सिंदरी मे नहीं है बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून वैवस्था सब चौपट कर दिया है मौनी बाबा और उनके अनुयायी लोगो ने, सिंदरी की जनता को सोचना होगा अगर उनको स्वछ वातावरण चाहिए तो अगले विधानसभा इलेक्शन मे मौनी बाबा को सदा के लिए मौन करना होगा|

## पथरगामा एसबीएसएसपीएस जनजातीय डिग्री कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पथरगामा नगर इकाई द्वारा लगाया गया हेल्प डेस्क



पोलिट लाइव रिपोर्टर

पथरगामा :एसबीएसएसपीएस जनजातीय डिग्री कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पथरगामा नगर इकाई द्वारा लगाया गया हेल्प डेस्क सदस्यों ने बताया कि इस हेल्प डेस्क के जरिए सेमेस्टर वन में नामांकन हेतु आने वाले छात्र को जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही थी। नामांकन के लए किस दस्तावेज की जरूरत होगी। किस काउंटर पर सारी प्रक्रिया होगी आदि बातो की जानकारी विद्यार्थी परिषद की छात्र इकाई के द्वारा दिया जा रहा था। छात्रों के मदद के लि नगर मंत्री अंकित मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित हेल्प डेस्क से नए छात्रों को काफी सहूलियत मिली। इस संबंध में नगर मंत्री ने बताया कि सेमेस्टर वन की नामांकन के लिए दस्तावेज लिया जा रहा है। बताया कि नामांकन कराने में परेशानी न हो इसके लिए अभाविप कॉलेज में हेल्प डेस्क लगा कर स्टूडेंट को फॉर्म भरने में सहयोग प्रदान कर रहा है। हेल्प डेस्क के माध्यम से नामांकन फॉर्म के अलावा कॉलेज से जुड़ी हर प्रकार 'की समस्या का समाधान किया गय।

# सिजुआ में नाबालिग से जबरन शारीरिक संबंध बनाया, मांग में डाला सिंदूर



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिजुआ: मोदीडीह 2 नम्बर सिजुआ बस्ती की रहने वाली एक नाबालिग से जबरन शारीरिक संबंध बनाने व मांग में सिंदूर डालने का मामला प्रकाश में आया है. घटना को लेकर नाबालिग की मां ने जोगता थाना में लिखित शिकायत देकर सिजुआ साइडिंग में रहने वाले आरोपी युवक अरुण कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. थाने में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि आरोपी युवक अरुण ने सोमवार को उसकी नाबालिग पुत्री की मांग में जबरन सिंदूर डाल दिया. जब किशारी इसका विरोध किया, तो युवक ने उसके साथ मारपीट की. आरोप है कि युवक ने उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबध भी बना चुका है. पुलिस ने आरोपी अरुण कुमार के खिलाफ भादवि की धारा 366 (A) 376 आईपीसी 4/8/12 पोक्सो के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है. वहीं, पीड़िता को मेडिकल जांच कराने के बाद कोर्ट में उसका 164 के तहत बयान दर्ज कराया गया.

# भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइज़ेशन की झारखंड प्रांतीय कार्य समिति की बैठक संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : झारखंड समेत देशभर में संचालित विभिन्न प्रजापति कुम्हार संगठनों को एक मंच पर लाया जाएगा। समाज के प्रतिभाशाली जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक मदद, आपदाग्रस्त, बीमार एवं असहाय परिवारों को मदद शुरू कर दी गई है। इसे और आगे बढ़ाया जाएगा । उक्त निर्णय मंगलवार को लाल बंगला में भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन की झारखंड प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में लिया गया। मौके पर विशेष रूप से उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश कुमार एवं रामरंजन प्रजापति ने देश भर के कुम्हारो से एक मंच पर आने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्रीय और राज्य स्तर से ऊपर उठकर हम सभी को पूरे भारतवर्ष को एक संगठन देना है। प्रांतीय अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि संगठन ने रांची में 3.50 एकड़ जमीन खरीदा है इस पर कार्यालय और छात्रावास बनाया जाएगा। इस संगठन की शुरुआत गुजरात की सूरत शहर से हुई है। समाज को इसका लाभ यह हो रहा है कि देशभर में कहीं भी प्रजापति समाज के कोई सदस्य मुसीबत में पड़ जाते हैं तो वहां की इकाई उन्हें मदद करती है । उन्होंने बताया कि कोरोना में भी संगठन ने अनेक प्रवासी मजदूरों को मदद की थी । उन्होंने कहा कि भारत के सभी राज्यों के अलावा नेपाल के नेपाली प्रजापति संघ से भी इसका तालमेल है और नेपाल में भी प्रजापति समाज के लोगों को मदद मिल जाती है। उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज के कई संगठन सेवा कार्यों में लगे हुए हैं और सभी को एक मंच पर लाकर मजबूती प्रदान करना ऑर्गेनाइजेशन का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर गिरिडीह के जगरनाथ पंडित ने समाज के लिए 80 डिसमिल जमीन देने की घोषणा की। बैठक में झारखंड के सभी जिलों में संगठन का विस्तार करने का प्रस्ताव पारित किया गया । महिला शिक्षा पर जोर दिया गया । नीट की तैयारी कर रही बालिकाओं को आर्थिक मदद दी गई । समाज के सहयोग से 10 बालिकाओं ने नीट में सफलता हासिल की है। बारामुड़ी निवासी विजय प्रसाद की पुत्री संजना प्रसाद को इस वर्ष नीट में सफलता मिलने पर सम्मानित किया गया। महिला मोर्चा की संयोजक सरिता प्रजापति ने कहा कि इस संगठन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी जुड़ रही है। कार्यक्रम में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, जामताड़ा, गोड्डा, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़ आदि जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । प्रतिनिधि सभा को अधिवक्ता रामपद कुमार, हरदेव प्रसाद, जीएम आरबी कुमार, डॉ केआर सिन्हा, डॉ राजेश पाल, वृंदावन कुमार, महादेव कुमार, जीतू कुमार, अर्जुन कुमार, कुलदीप पंडित, भारती देवी, सुमन महतो, कैलाश पंडित, सचिन पंडित, परमानंद पंडित, सीताराम पंडित, अरुण पंडित, विक्की महतो, संजय कुमार , बबलू महतो, विनय पंडित, प्रमोद पंडित, कुश महतो, आनंद महतो, महेश कुमार, संजीव पंडित, महादेव पंडित, महेंद्र प्रसाद, बसंत राम, बासुकी पंडित, गोविंद पंडित, मिथिलेश पंडित आदि ने संबोधित किया।

# तोपचांची में अपराधी बेलगाम; भरी बाजार में दिनदहाड़े हजारों की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तोपचांची : तोपचांची : थाना से करीब 500 मीटर दूर स्थित सुभाष चौक के समीप एक महिला से भरी बाजार में दिनदहाड़े 10 हज़ार रुपए की छिनतई हुई है. बाईक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया. भुक्तभोगी महिला सुनैना देवी ने बताया कि तोपचांची स्थित बैंक ऑफ इंडिया बैंक से 10 हज़ार रुपए निकासी करके घर जा रहे थे. अचानक दो अपराधी काला रंग के बाइक में आ कर हाथ में रखे पर्स को लेकर फरार हो गया. महिला ने बताया कि पर्स में 10 हज़ार रुपए, मोबाइल फोन व जरुरी कागज़ात थे. भुक्तभोगी महिला घटना के बाद तोपचांची थाना पहुंच कर मामले की जानकारी दी. भुक्तभोगी महिला




मधुपुर अमालखोरी का रहनी वाली है. महिला आंगनबाड़ी केंद्र में कार्य करती है. खबर लिखे जाने तक महिला ने थाना में लिखित शिकायत नहीं दी थी.

### तोपचांची की जनता महफूज नहीं

लगातार तोपचांची क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ाने से ग्रामीणों में दहशत है. अपराधी लगातार अपने मनसूबे में कामयाब हो रहे हैं. दिन हो या रात अपराधी लगातार अपने काले करतूतों को अंजाम दे रहे हैं. तोपचांची थाना से महज 500 मीटर दूर छिनतई की घटना को अंजाम देना अपराधियों का हौंसले बुलंद की और संकेत करते हैं.

छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले दोनों अपराधी बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं. दोनों अपराधी बैंक में मौजूद थे. बैंक से ही भुक्तभोगी महिला का पीछा कर रहे थे. भुक्तभोगी महिला ने सीसीटीवी कैमरे के कैद अपराधियों का शिनाख्त कर लिया है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज व महिला के बयान के आधार पर जांच पड़ताल में जुट गई है.

## सिंदरी डीएसपी ने प्रेस वार्ता कर बताया की धनबाद से दो लोगों को किया गिरफ्तार



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : तिसरा थाना परिसर में सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र कुमार रावत द्वारा प्रेस वार्ता कर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की वरिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पीएमसीएच अस्पताल मे इलाजरत जागो भुईयां के फर्द बयान पर प्रशासन के द्वारा एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। सुबह में मनिष यादव और शिवनंदन यादव को धनबाद से गिरफ्तार किया गया हैं। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी जल्द करने के लिए छापामारी जारी रहेगा। प्रेस वार्ता में तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार व घनुडीह ओ पी प्रभारी पवन कुमार शामिल थें।

## शनिदेव महराज जी की स्थापना दिवस पर पूजा पाठ एवम भंडारा का आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिले के बलियापुर प्रखंड अंतर्गत सुवरिया में शनिदेव महाराज जी का स्थापना दिवस पर पुजा पाठ किया गया तथा भंडारा का आयोजन किया गया । तत्पश्चात ग्रामीणों ने शनिदेव महाराज जी से मंगलमय प्रार्थना किया गया।उक्त अवसर पर प्राण कुमार गोप, दिनेश कुमार गोप,समीर,कुलदीप,सुंदिप,विपुल चक्रवर्ती, पुजारी मानिक चक्रवर्ती, कुंती देवी,मंजु देवी,संपा, पुजा,सुजाता,सुमन, यशोदा, आदि मौजूद थे।

## हर 3 महीने एवं हर त्योहार में कांग्रेस नेता सह बी जे.के.एम. एस के महामंत्री रणविजय सिंह कुसुंडा जीवन ज्योति कुष्ठ आश्रम में सुखा राशन भिजवाते है- मुखिया कुष्ठ आश्रम



पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास :कुसुंडा जीवन ज्योति कुष्ठ आश्रम में बी.जे.के.एम.एस के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह के सौजन्य से वहां के जरूरतमंदों को सूखा, मुखिया के लिए वस्त्र,बच्चो के मिठाईयां भेजा गया।जिसके लिए आश्रम के मुखिया ने श्री सिंह का धन्यवाद किया।मुखिया ने बताया कि लगातार लॉकडाउन के पहले से ही रणविजय बाबू की तरफ से लगातार राशन दिया जा रहा हैं एवं ऐसा कोई भी त्यौहार नहीं हैं जिसमें बाबू रणविजय सिंह हम लोगों को भूल जाए।मौके पर अनिल सिंह,गिरजेश सिंह, राजेश सिंह, रंजीत सिंह,बाबर अली,अबूल खैर उपस्थित थे।

## शिक्षकों का जिला स्तरीय निपुण समागम TLM प्रशिक्षण शुरू




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : 18 से 21 जून तक चलनेवाले धनबाद जिले के सरकारी बिद्यालयों के शिक्षकों का चार दिबसीयों गैर आवासीय प्रशिक्षण जिला स्कूल बाबूडीह धनबाद मे जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूत नाथ रजवार, ADPO बिजय कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया चार दिनों का प्रशिक्षण में धनबाद जिला के लगभग 100 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया एवं 1 से पंचम वर्ग के बच्चों को TLM के माध्यम से कैसे अच्छे से अच्छे शिक्षा दिया जाए इस विषय पर अपना अपना विचार एवं हाथों से बनाया गया TLM का प्रदर्शन किया बलियापुर प्राथमिक बिद्यालय के शिक्षिका टिंकू रानी सरकार के द्वारा बनाया गया TLM का सराहना DEO, DSE एबं अन्य पदाधिकारियों ने किया एबं टिंकू रानी को ओर अच्छे से अच्छे प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया|

## जरूरतमंद महिला को संस्था ने उपलब्ध कराया रक्त

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : ऊपर बाजार गोविंदपुर स्थित माँ श्री सेवा सदन में ईलाजरत 21 वर्षीय महिला मरीज कुसुम कुमारी के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो जाने के कारण डॉक्टर ने तत्काल एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा, इसकी सूचना मरीज के परिजन ने सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को दिया । सूचना मिलने के पश्चात श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर के प्रबंधक से बात कर महिला मरीज के तत्काल एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकार कर ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई।

# मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को समाप्त करने के लिए बी. एस. एस.बालिका उच्च विद्यालय धनबाद में छात्र/छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को समाप्त करने के आलोक में विभागीय आदेशानुसार जून को बी. एस. एस.बालिका उच्च विद्यालय धनबाद में वर्ग 06 से लेकर वर्ग 10 के छात्र/छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों को कई ग्रुप में विभक्त कर उनसे विषय जनित प्रश्नों को पूछकर उसके आलोक में प्राप्तांक निर्धारित करते हुए सफल प्रतिभागियों का चयन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में एंकर की भूमिका में विद्यालय की शिक्षिका अनुपम सुप्रिया रश्मि थी। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं की उत्साह देखने लायक थी, सभी अपने ग्रुप को सफल बनाने हेतु हर संभव प्रयास कर रहे थे। प्रतियोगिता में यारा कुमारी, निशा कुमारी,नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी,खुशी कुमारी, तृषा कुमारी, रूपोश्री,पवन कुमार और शिवराज सफल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रधान अंजुला गुप्ता,संजय कुमार, अरविंद कुमार यादव, राकेश कुमार सिन्हा, एनावेल सुषमा कंडूलना, रेणु कुमारी, पूनम कुमारी शर्मा,रत्नेश कुमार, रश्मि कुमारी,इंदू कुमारी,नागेंद्र कुमार आदि की महती भूमिका रही।

## बीआईटी सिंदरी कॉलोनी निवासी युवक नहाने के क्रम मे दामोदर नदी मे डूबा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : सिंदरी स्थित गोशाला चूड़ी पट्टी के समीप दामोदर नदी में मंगलवार को नहाने के क्रम मे डूब जाने का मामला प्रकाश मे आया है। डूबे हुए युवक की पहचान बीआईटी सिंदरी कॉलोनी दुर्गा मंदिर के समीप का रहने वाले बीआईटी सिंदरी कर्मी विजय कुमार रजक के पुत्र जन्मेजय राज ( 16 ) के रूप मे हुई है। घटना स्थल गोशाला ओपी क्षेत्र एवं भोजुडीह थाना क्षेत्र मे पड़ता है। इसलिए दोनों क्षेत्र की पुलिस छानबीन करने पहुंची। जानकारी अनुसार जन्मेजय अपने दो दोस्तो के साथ दिन करीब 4.30 बजे नहाने के लिए गौशाला दामोदर नदी घाट गया था,पीनी का बहाव भोजुदीह क्षेत्र में पड़ने वाले दामोदर नदी मे उतरा।तीनों जब डूबने लगे तो स्थानीय लोगों ने दो युवकों को बचा लिया परन्तु जन्मेयय डूब गया।